卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 217 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦14 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया




# वैश्विक संकट पर ऊर्जा बचत को लेकर धामी सरकार के बड़े फैसले

## नो व्हीकल डे, वर्क फ्रॉम होम, ईवी पॉलिसी और प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत और आर्थिक आत्मनिर्भरता को लेकर कई महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसले लिए गए। वैश्विक संकट और बढ़ती ईंधन लागत के बीच राज्य सरकार ने सरकारी व्यवस्था से लेकर आम जनजीवन तक व्यवहारिक बदलाव लाने की दिशा में व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। बैठक में ऊर्जा बचत, सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहनों, घरेलू पर्यटन, प्राकृतिक खेती और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने से जुड़े अनेक निर्णयों को तत्काल प्रभाव से लागू करने पर सहमति बनी।बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कोविड महामारी के बाद वैश्विक स्तर पर आर्थिक अस्थिरता बढ़ी है। रूस यूक्रेन संघर्ष और वर्तमान में पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भारी दबाव पड़ा है। विशेष रूप से ईंधन, खाद्य पदार्थों और उर्वरकों की उपलब्धता और कीमतों पर इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत भी इस समय बढ़ती ईंधन लागत, आयात निर्भरता और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकों से छोटे छोटे व्यवहारिक बदलावों के माध्यम से राष्ट्रहित में सहयोग करने की अपील की है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उत्तराखंड सरकार ने राज्य में कई अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुधार लागू करने का निर्णय लिया है।कैबिनेट बैठक में सरकारी विभागों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित बैठकों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। साथ ही निजी संस्थानों और कंपनियों को भी वर्क फ्रॉम होम प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे ईंधन की खपत में कमी आएगी और यातायात का दबाव भी घटेगा। आम नागरिकों को भी अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।राज्य सरकार ने सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे मनाने का भी फैसला लिया है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वाहन फ्लीट में वाहनों की संख्या आध ी की जाएगी। सप्ताह में एक दिन मंत्रीगण और अधिकारी वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से कार्य करेंगे। साथ ही आम जनता को भी सप्ताह में एक दिन निजी वाहनों का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा सरकारी और निजी भवनों में एयर कंडीशनर के सीमित उपयोग की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे।परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए परिवहन विभाग को सार्वजनिक बस सेवाओं की संख्या और क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिन अधि कारियों के पास एक से अधिक विभागों का दायित्व है, उन्हें एक दिन में अधिकतम एक वाहन के उपयोग तक सीमित किया जाएगा।कैबिनेट बैठक में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए जल्द प्रभावी ईवी पॉलिसी लागू करने का निर्णय लिया गया। नए सरकारी वाहनों की खरीद में 50 प्रतिशत वाहन अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक होंगे। राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन और चार्जिंग नेटवर्क का तेजी से विस्तार प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। राज्य सरकार ने सरकारी विदेशी यात्राओं को सीमित करने का भी निर्णय लिया है। साथ ही घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टपेपज डलै जंजम अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत उत्तराखंड में विरासत, धार्मिक, वेलनेस, ग्रामीण और इको पर्यटन सर्किटों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने और सिंगल विंडो क्लीयरेंस व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। प्रवासी भारतीयों को उत्तराखंड में छुट्टियां बिताने के लिए प्रेरित करने की योजना भी तैयार की जा रही है।राज्य सरकार द्वारा मेरा भारत मेरा योगदान अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। मेड इन स्टेट अभियान के माध्यम से स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। सरकारी खरीद में मेक इन इंडिया नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को एक वर्ष तक सोने की खरीद सीमित रखने के लिए भी जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। आम लोगों को कम तेल वाले भोजन के स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी कैंटीनों में तेल की खपत की समीक्षा कर उसके उपयोग को कम करने के प्रयास किए जाएंगे। होटल, ढाबा और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को लो ऑयल मेन्यू अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को नेचुरल फार्मिंग, जीरो बजट फार्मिंग और जैविक इनपुट्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मिट्टी के स्वास्थ्य को लेकर भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सरकार ने पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शनों को मिशन मोड में बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। होटल, रेस्टोरेंट और सरकारी आवासों में पीएनजी के उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर परियोजनाओं को तेजी से बढ़ावा दिया जाएगा। गोबर गैस परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए पंचायती राज विभाग और ग्राम्य विकास विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।बैठक में माइनिंग, सोलर और पावर परियोजनाओं की मंजूरी प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी सहमति बनी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति अब 60 दिनों के भीतर परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान करेगी, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर विकसित होने की उम्मीद जताई जा रही है।



# विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में श्रमिकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र की कंपनियों के बाहर लगे भारतीय मजदूर संघ के झंडों को हटाए जाने के विरोध में विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि श्रमिकों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्र प्रथम और श्रमिक हित की विचारधारा को लेकर पूरे देश में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक मजदूर की मेहनत से उद्योग मजबूत होते हैं और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, लेकिन सिडकुल प्रशासन द्वारा जिस प्रकार कंपनियों की बाउंड्री के बाहर लगे भारतीय मजदूर संघ के झंडों को हटाया गया है, उससे श्रमिकों की भावनाओं को ठेस पहुंची है और उनमें गहरा रोष व्याप्त है।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि सिडकुल प्रशासन ने अड़ियल रवैया अपनाते हुए भारतीय मजदूर संघ के झंडों को हटाने का कार्य किया है, जो श्रमिकों के सम्मान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार हमेशा श्रमिक हित में कार्य करती रही है और भारतीय मजदूर संघ जैसी यूनियन देशहित और श्रमिक हित को लेकर कार्य करती हैं। ऐसे में सिडकुल प्रशासन का यह रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और हैरान करने वाला है।उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि हटाए गए सभी झंडों को पुन: उनके स्थान पर लगाया जाए और इस पूरे मामले का शीघ्र समाधान किया जाए। विधायक ने कहा कि मात्र डेढ़ इंच के पाइप पर लगे झंडे को अतिक्रमण मानना समझ से परे है, जबकि कंपनियों के बाहर बड़े बड़े बोर्ड और पार्किंग बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय मजदूर संघ के साथ दोहरा रवैया अपनाया जा रहा है।जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद एडीएम कौस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कमेटी इस पूरे प्रकरण की जांच कर जल्द समाधान निकालेगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार मजदूर हित में कार्य कर रही है और श्रमिकों के साथ अन्याय किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासनिक स्तर पर जल्द सकारात्मक समाधान सामने आएगा।इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष दीपेंद्र भट्ट, अजीत सिंह, गंगा सिंह, पंकज उपाध्याय, किशोर पंत, संतोष बिष्ट, नागेंद्र, हिमांशु, हरिश, घनश्याम, शेखर, बिपिन पांडे, डूंगर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।



# आईएएस बनना चाहती है टॉपर प्राची

रुद्रपुर। सीबीएसई 12 वीं की बोर्ड परीक्षाफल में जेसीज की 12वीं की छात्रा प्राची मटेला ने 98.6 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से जिले में टॉप किया है। अपनी इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए प्राची ने बताया कि वह भविष्य में आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं और वह यूपीएससी की तैयारी करेंगी। उनकी माता स्वयं का कारोबार करती हैं और पिता अल्मोड़ा में राजस्व विभाग में कार्यरत हैं। उसने बताया कि वह ज्यादातर रात में ही शांत माहौल में पढ़ाई करती थीं। प्राची ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के साथ ही माता पिता को दिया। उसने कहा माता-पिता ही उनकी प्रेरणा हैं और बिना कोचिंग के ही उसने इस मुकाम को हासिल किया है।



# चिकित्सक दंपत्ति की बेटी ने किया नाम रोशन

रुद्रपुर। अमेनिटी पब्लिक स्कूल की 12 वीं की छात्रा गुरनूर कौर नेब सीबीएसई की कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और वह रुद्रपुर में दूसरे स्थान पर रहीं। गुरनूर कौर उनकी माता डा. सतवंत कौर व पिता डा. डा. सर्वजीत सिंह पेशे से बनडॉक्टर हैं। गुरनूर ने बताया कि उसने बिना कोचिंग के प्रतिदिन आठ से 10 घंटे तक पढ़ाई कर यह सफलता प्राप्त की। गुरनूर ने बताया कि उसने साइकोलॉजी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और वह इसी से ग्रेजुएशन कर इसी में अपना कॅरिअर बनाना चाहती हैं। उनकी माता ने बताया कि उनकी बेटी शुरूआत से ही पढ़ाई में होशियार रही हैं। उन्होंने बताया कि गुरनूर ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।



# दिनेशपुर के जयनगर क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का उद्घाटन

दिनेशपुर। क्षेत्र के जयनगर में (एसबीआई) की नई शाखा का बुधवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। क्षेत्र के लोगों, व्यापारियों और किसानों की बैंकिंग सुविधाओं को आसान बनाने के उद्देश्य से खोली गई इस शाखा का उद्घाटन आंचलिक कार्यालय रुद्रपुर के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजीव कुमार ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बैंक अधिकारी मौजूद रहे।समारोह को संबोधित करते हुए संजीव कुमार ने कहा कि नई शाखा खुलने से जयनगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। इससे किसानों, छोटे व्यापारियों, महिलाओं और पेंशनभोगियों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं को मजबूत करने के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग को भी बढ़ावा दे रहा है।उन्होंने बताया कि बुजुर्गों और पेंशनभोगियों के लिए बैंक कई लाभकारी योजनाएं संचालित कर रहा है। वहीं युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाएगा, ताकि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे।बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए बैंक प्रबंधन ने ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी। शाखा प्रबंधक राजीव रंजन ने बताया कि बैंक समय-समय पर जागरूकता शिविर आयोजित करेगा। इन शिविरों में ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से बचाव और डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी जाएगी।इस अवसर पर दिनेशपुर शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार, निरुपम शर्मा, नरेंद्र ऊके, धीरज कुमार, सोनी मेहरा, ज्योति कुमारी सहित कई बैंक अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नई शाखा खुलने से क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है।



# मीडिया जगत में जाने का सपना है सुनंदा का

रुद्रपुर। डीपीएस की 12वीं की छात्रा सुनंदा खंडेलवाल ने सीबीएसई की 12 वीं बोर्ड परीक्षाफल में 98.6 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से रुद्रपुर में टॉप कर अपने माता पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुनंदा खंडेलवाल ने बताया कि वह भविष्य में मास कम्युनिकेशन कर मीडिया जगत में अपना कॅरिअर बनाना चाहती हैं। वह सायंकाल की अपेक्षा सिर्फ रात में ही पढ़ाई करना पसंद करतीं थीं जिससे कि उसमे एकाग्रता बनी रहती है और शांति में पढ़ाई करने में आसानी रहती है। उसने बताया उनके पिता बिजनेस करते हैं और मां गृहिणी हैं। उनका आर्शीवाद और आगे बढ़ने की प्रेरणा से उसे यह सफलता मिल सकी।



# एडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों से लिया फीडबैक

जसपुर (उद संवाददाता)। शासन के निर्देशानुसार जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए ग्राम मनोरथपुर द्वितीय में "सरकार जनता के द्वार" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर भौतिक सत्यापन किया गया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में एडीएम ने ग्राम में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और विकास कार्यों की हकीकत जानी।शिविर के दौरान लगाए गए कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अपर जिलाधि कारी ने एक-एक कर ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और मौके पर उपस्थित संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीएम ने क्षेत्र में पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया और उनकी गुणवत्ता को परखा।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जसपुर, तहसीलदार जसपुर, खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने सीधे अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रखी। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि प्राप्त सभी जायज शिकायतों का निस्तारण कर संबंधित व्यक्तियों को समय से अवगत कराया जाएगा।



# रेस्टोरेंट की पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी

काशीपुर। समारोह में गये एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। सैनिक कालोनी निवासी वीरेन्द्र सिंह रावत पुत्र उम्मेद सिंह रावत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 10 मई को रामनगर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित पारिवारिक समारोह में गया था तथा उसने बाइक सं. यूके18एफ-2671 को रेस्टोरेंट की पार्किंग में खड़ा किया था। इस दौरान अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारिकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैंप कार्यालय में पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारिकरण परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने एनएचएआई, राजस्व, वन विभाग और सैनिक फार्म के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि एयरपोर्ट विस्तार के मार्ग में आने वाले वृक्षों के कटान के लिए तत्काल संयुक्त निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि डीमार्केशन की प्रक्रिया पूरी करते हुए पेड़ों के कटान का कार्य शीघ्र संपन्न कराया जाए ताकि परियोजना में कोई देरी न हो।सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सड़क शिफ्टिंग और निर्माण कार्यों की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़क निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि फील्ड में कार्य के दौरान कोई तकनीकी या अन्य समस्या आती है, तो उसे दबाने के बजाय तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं ताकि उसका समय पर समाधान निकाला जा सके।बैठक में विकास कार्यों और समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, मनीष बिष्ट, डिप्टी मैनेजर एनएचएआई रक्षित यादव, तुषार गुप्ता, फार्म निरीक्षण बीपी श्रीवास्तव, डीजीएम एयरपोर्ट अनूप गुप्ता और मुख्य कृषि अधिकारी वीके यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी सामंजस्य के साथ एयरपोर्ट विस्तार के इस प्रोजेक्ट को समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।



# एग्रीस्टैक कार्यों में ऊधमसिंहनगर प्रदेश में सबसे आगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद रंजना राजगुरू ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से एग्रीस्टैक के अंतर्गत डिजिटल पड़ताल, फार्म रजिस्ट्री और अंश निधारण कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को किसानों के पंजीकरण कार्य में तेजी लाने तथा राजस्व संबंधी मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।बैठक के दौरान आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद रंजना राजगुरू ने कहा कि फार्म रजिस्ट्री प्रक्रिया के अंतर्गत सबसे पहले किसानों की आईडी तैयार की जानी है। उन्होंने निर्देशित किया कि जो किसान वास्तविक रूप से खेती कर रहे हैं उनका प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से लंबित वादों का निस्तारण तेजी से किया जाए तथा राजस्व वसूली के कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों सुनिश्चित की जा सकती हैं।बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद ऊधमसिंहनगर एग्रीस्टैक से जुड़े कार्यों में प्रदेश के अन्य जनपदों की तुलना में सबसे आगे चल रहा है। इस उपलब्धि पर आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद रंजना राजगुरू ने संतोष और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधिकारियों की सराहना की।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, मनीष बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ वीके यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# किसान महासभा का सदस्यता अभियान शुरू

बिंदुखत्ता (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान महासभा बिंदुखत्ता कमेटी द्वारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर व्यापक सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इंद्रानगर प्रथम से शुरू हुए इस जनसंपर्क अभियान के दौरान संगठन ने राज्य सरकार और स्थानीय विधायक पर जनता से छल करने का आरोप लगाया। महासभा ने स्पष्ट किया कि एक माह तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से राजस्व गांव का दर्जा, गौला तटबंध का निर्माण, आवारा गोवंश से मुक्ति, प्रदूषित जल, मगरमच्छों का आतंक और जर्जर सड़कों की मरम्मत जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जनता को लामबंद किया जाएगा।अभियान के दौरान किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने के नाम पर केवल राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले राजस्व गांव की घोषणा को निरस्त करना और फिर चुनावी लाभ के लिए उसे पुनर्जीवित करना जनता के साथ धोखा है। नेगी ने मांग की कि यदि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनता के भूमि अधिकारों के प्रति गंभीर हैं, तो तत्काल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर बिंदुखत्ता और बागजाला समेत वन भूमि पर बसी आबादी को मालिकाना हक देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चुनाव से पहले प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।वहीं किशन बघरी ने स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि विधायक लगातार अपना रुख बदलकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले वनाधिकार की बात करना और अब निर्वनीकरण का राग अलापना केवल कार्यकाल पूरा करने का तरीका है। किसान महासभा ने लक्ष्य रखा है कि इस अभियान के तहत बिंदुखत्ता में दस हजार नए सदस्य बनाए जाएंगे। 13 मई से शुरू हुआ यह सदस्यता अभियान एक महीने तक चलेगा, जिसके बाद महासभा का भव्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।इस अवसर पर आयोजित अभियान में आनन्द सिंह नेगी, किशन सिंह बघरी, नैन सिंह कोरंगा, पुष्कर दुबड़िया, विमला रौथाण, निर्मला शाही, त्रिलोक राम, खीमनाथ गोस्वामी, शान्ति देवी मनराल, हरी देवी, विमला देवी, कमला मेहरा, अनीता बिष्ट, ज्योति, खगोती देवी, दीपा दुबड़िया, बिशन सिंह बिष्ट और कंचन सिंह बिष्ट सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। महासभा ने एकजुट होकर जन संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया।



# नवनियुक्त कोतवाल का किया अभिनंदन

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नरेश हुंडिया के नेतृत्व में आज कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त कोतवाल भूपेंद्र बृजपाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्हें गदरपुर कोतवाली की जिम्मेदारी संभालने पर बधाई देते हुए उनका भव्य अभिनंदन किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके सफल और उत्कृष्ट कार्यकाल के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कोतवाली में आयोजित इस भेंट के दौरान क्षेत्र की कानून व्यवस्था और जनसमस्याओं को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवाब अल्वी, संजू शर्मा, नितिन शर्मा, वंश वर्मा, गौरव सैनी, रितुल बर्मा, समन मुंजल, शिवा तिवारी, मनोज चौहान, विशाल सैनी तथा हिमांशु हुडिया उपस्थित रहे। सभी ने विश्वास जताया कि नए कोतवाल के नेतृत्व में क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।



# बियरशिबा स्कूल के विद्यार्थियो का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सीबीएसई की कक्षा 12 वी में बीयरशिबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, का परीक्षाफल इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। तन्मय जोशी ने 98 प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। जिज्ञासा गंगवार 97.4, नेहा चौधरी 97.2, काजल 95.4, रोशन 95, प्रिती बगड़वाल 94.6, भूमिका धर्मसत्तु 94.2, आदित्य चौहान 94, पियूष अधिकारी 93.8, कार्तिक 93.8, रश्मि 93.6, अभय नैनवाल 92.6, आर्या वार्सनेय 92.4, अभिनव चौहान 92.2, प्रियांशू 91.8, आद्या वार्सनेय 91.2, मिस्टी प्रेम बहादुर 89.4 प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ अंक लाकर विद्यालय का मान बढाया है। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की संस्थापिका प्रबंधन निरुपमा भट्ट तलवार,प्रबंधक तिलक राज तलवार, प्रधानाचार्या श्रीमती मीना सती, उप प्रधानाचार्य एचएस बब्बर सलाहाकार श्रीमती के.दत्त, प्रशासनिक अधिकारी निशा सिंह, एचओडी श्रीमती अनीता बिष्ट, एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।



# मोनाड के आदि खुराना 94.4% अंक प्राप्त कर स्कूल में रहे टॉप

गदरपुर। मोनाड पब्लिक स्कूल गदरपुर के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। हर वर्ष की भांति स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमें आदि खुराना ने स्कूल में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, सिमरनजीत कौर ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त द्वितीय,अंजली यादव ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय एवं स्वप्निल श्रीवास्तव ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्यगण,प्रधानाचार्या तथा शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य हो रहा प्रभावित : ठुकराल

## नीट यूजी परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर पूर्व विधायक ने उठाए सवाल

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने नीट यूजी परीक्षा 2026 में सामने आई कथित गड़बड़ियों, पेपर लीक और अव्यवस्थाओं को लेकर केंद्र सरकार



और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस संबंध में मीडिया को जारी बयान में कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही अनियमितताओं से देशभर के लाखों छात्र छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा देश के 551 शहरों तथा विदेशों के 14 शहरों में आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा में भारी लापरवाही, अकर्मण्यता और अव्यवस्थाएं देखने को मिली हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा में व्यापक अनियमितताओं के कारण एक बार फिर भारत की छवि को धक्का पहुंचा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भी पेपर लीक की घटनाओं के बाद परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने का दावा किया गया था, लेकिन दो वर्ष के भीतर ही फिर से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में पेपर लीक प्रकरण के बाद गठित उच्च स्तरीय समिति ने परीक्षाओं को कंप्यूटर आधारित कराने की सिफारिश की थी। एनटीए ने इस संबंध में पेट्रोलियम मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में व्यवस्था बनाने की बात कही थी, लेकिन राजनीतिक टकराव और प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह योजना धरातल पर नहीं उतर सकी। पूर्व विधायक ने कहा कि तीन मई को आयोजित नीट यूजी परीक्षा में करीब 22 लाख 79 हजार अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों ने वर्षों तक कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि अनेक अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाई, कोचिंग और भविष्य को संवारने के लिए कर्ज तक लिया है तथा अपनी जमा पूंजी खर्च कर दी, लेकिन बार बार पेपर लीक और अनियमितताओं की घटनाएं इन विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। राजकुमार ठुकराल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के पास सक्षम प्रशासनिक तंत्र और एजेंसियां होने के बावजूद लगातार पेपर लीक होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सहित देश के कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद ठोस कार्रवाई और प्रभावी रोकथाम नहीं हो पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के विभिन्न राज्यों में संचालित कुछ निजी माफिया समूह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से पेपर लीक का नेटवर्क चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे गिरोहों से जुड़े लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व विधायक ने मांग की कि पेपर लीक में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए तथा ऐसे मामलोंकी निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियोंको कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो सके।

# नीट पेपर लीक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़: बंटी पपनेजा

किच्छा (उद संवाददाता)। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले पर अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इस प्रकरण के लिए केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह देश के लाखों युवाओं के भविष्य और उनके परिवारों की उम्मीदों के साथ भद्दा मजाक है।पपनेजा ने कहा कि एक युवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए बरसों तक कड़ी मेहनत करता है। उसके माता-पिता अपने खून-पसीने की कमाई इस उम्मीद में खर्च करते हैं कि उनका बच्चा परीक्षा उत्तीर्ण कर एक सफल डॉक्टर बनेगा और परिवार का सहारा बनेगा। लेकिन केंद्र सरकार की लचर व्यवस्था के कारण पेपर लीक हो जाना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि बेहद शर्मनाक भी है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से मेधावी छात्रों का मनोबल टूटता है और व्यवस्था पर से उनका विश्वास उठ जाता है।उन्होंने आगे कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ की पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। पपनेजा ने मांग की कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की शुचिता से समझौता न हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि युवाओं को न्याय नहीं मिला, तो संगठन चुप नहीं बैठेगा।



# होली चाइल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

## कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में हासिल किए शत प्रतिशत अंक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों की अपनी परंपरा को कायम रखा है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जबकि विद्यार्थियों ने



विभिन्न संकायों में बेहतरीन अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा।विद्यालय में कॉमर्स वर्ग की छात्रा अदिति और श्रेष्ठ राज बत्रा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। कला वर्ग की छात्रा अनन्या सक्सेना ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि गोरिका चाँदना ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया।विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खुशी गुप्ता ने 95.2 प्रतिशत, अनिष्का कोली ने 95.2 प्रतिशत, जगीषा बत्रा ने 94.8 प्रतिशत, नवजोत कौर ने 93.4 प्रतिशत, रूमाइजा परवेज ने 93.4 प्रतिशत तथा याना बिस्वास ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।इसी प्रकार चहक सुखीजा ने 92.8 प्रतिशत, अनुरीत कौर ने 92.4 प्रतिशत, इश्मीत कौर ने 91.8 प्रतिशत, शीतल ने 91.2 प्रतिशत, प्रगति गाँधी ने 90.8 प्रतिशत, रूपनीत कौर ने 90.8 प्रतिशत, डिम्पल ने 90.6 प्रतिशत तथा जसप्रीत कौर ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।इस वर्ष परीक्षा परिणाम का विशेष आकर्षण विभिन्न विषयों में 17 विद्यार्थियों द्वारा शत प्रतिशत अंक प्राप्त करना रहा। पेंटिंग विषय में अदिति, अनुरीत कौर, गुरप्रीत कौर, खुशी गुप्ता, अनन्या सक्सेना, चहक सुखीजा, डिम्पल, गोरिका चाँदना, करमवीर सिंह, प्रगति गाँधी, रूपनीत कौर, अनिष्का कोली, इश्मीत कौर, जगीषा बत्रा, रूमाइजा परवेज तथा शीतल ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इतिहास विषय में गोरिका चाँदना ने शत प्रतिशत अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की।विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, सचिव विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाध्यापक मिंटू दुबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी तथा मंजू अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।विद्यालय प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और भविष्य में भी विद्यालय उत्कृष्ट परिणामों की इसी परंपरा को आगे बढ़ाता रहेगा।

# ब्लूमिंग डेल्स स्कूल में अक्षत ने किया टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में ब्लूमिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा।कॉमर्स वर्ग के छात्र अक्षत सुयाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। करण कुमार ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि तन्मय आनंद ने 88.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।विज्ञान वर्ग की छात्रा जस्मीत कौर ने 82.6 प्रतिशत



अंक प्राप्त किए, जबकि खुशी पाल ने 81.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र गिरधर, डायरेक्टर विजय गिरधर, मैनेजर नीलम धंजू, प्रधानाचार्य पंकज लोहनी, उप प्रधानाचार्य मृदुला गिरधर तथा अमित अग्रवाल सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जी डी गोयनका स्कूल के मेधावियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## करमजीत कौर ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पाया शीर्ष स्थान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जी डी गोयनका स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त कर न केवल संस्थान बल्कि जिले का नाम भी रोशन किया है। परीक्षा परिणामों में छात्रा करमजीत कौर ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।सफलता की इस कड़ी में प्रार्थना मदान ने 95.6 प्रतिशत और आयुष आहूजा ने 94 प्रतिशत अंक पाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के अन्य मेधावियों में आयरा खन्ना ने 92.4 प्रतिशत, सताक्षी भारद्वाज ने 90.4 प्रतिशत, अभयजीत सिंह मल्ही ने 90 प्रतिशत और एंजेलिना शोरी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन की परंपरा को पुख्ता किया है।इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्या और समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रशासन ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया। प्रबंधन ने कहा कि जी डी गोयनका स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में विद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ हुई है।



# इंटर में भी किड्स पैराडाइज स्कूल का प्रदर्शन बेहतर

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। दिनेशपुर के किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर गदरपुर ब्लॉक का नाम रोशन किया है। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना हुआ है। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान ने बताया कि स्कूल ने लगातार बेहतर शैक्षिक परिणाम देकर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि इससे पहले हाईस्कूल परीक्षा में भी विद्यालय ने गदरपुर ब्लॉक टॉप किया था और अब इंटरमीडिएट में भी शानदार सफलता हासिल कर स्कूल ने अपनी उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखा है।विद्यालय की छात्रा कशिश वर्मा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ-साथ ब्लॉक टॉप किया है। वहीं श्रुति पाठक ने 96 प्रतिशत तथा शगुन जल्होत्रा ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह सुखद परिणाम है।



# एसएस पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर के प्रतिष्ठित एसएस पब्लिक स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा।विद्यालय के 70 विद्यार्थियों ने कक्षा 12 की परीक्षा में प्रतिभाग किया, जिनमें से 42 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्णता प्राप्त की। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।विद्यालय के चेयरमैन डीपी सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों को भी बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।विद्यालय के प्रध ।नाचार्य परविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रोशन करने पर बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी निरंतर मेहनत कर सफलता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

शक्तिफार्म।ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और आत्म विश्वास के दम पर हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। विज्ञान वर्ग में गुरप्रीत कौर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जबकि सुरभि रॉय ने 88.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। वहीं वाणिज्य वर्ग में प्रेरणा आचार्य ने 88.4 प्रतिशत, रोहित मंडल ने 88.2 प्रतिशत, साक्षी संभल ने 88 प्रतिशत तथा खुशी कौर ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता की नई मिसाल कायम की। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि शक्तिफार्म के विद्यार्थी अब हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। छात्रों की इस उपलब्धि से अभिभावकों में गर्व और खुशी का माहौल है, जबकि पूरे क्षेत्र में विद्यालय की सफलता की चर्चा हो रही है। विद्यालय के प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बध ाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आने वाले समय में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा और विद्यार्थी देश व समाज का नाम रोशन करेंगे।



# बोर्ड परीक्षा में चमके रेनबो पब्लिक स्कूल के सितारे

## मेधावी छात्रा वर्षा रानी ने 97.6 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में हासिल किया सर्वोच्च स्थान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में रेनबो पब्लिक स्कूल रुद्रपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा।कला वर्ग में विद्यालय की छात्रा वर्षा रानी ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कनक पाल ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा परख नेगी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।विज्ञान वर्ग में कुमार वैभव ने 95. 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। भूमिका शर्मा ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आदित्य श्रीवास्तव ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में विधान नागपाल ने 95. 4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कोमल पुनिया ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अनमोल अनेजा ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंग्रेजी विषय में कुमार वैभव ने 98 अंक, हिन्दी में सारिका खरायत ने 95 अंक तथा रसायन विज्ञान में कुमार वैभव ने 95 अंक प्राप्त किए। शारीरिक विज्ञान में आदित्य



श्रीवास्तव और मुदित जैन ने 95 अंक प्राप्त किए, जबकि जीव विज्ञान में कुमार वैभव ने 96 अंक हासिल किए। इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी विषय में कल्याणी सिंह ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। पेंटिंग विषय में भूमिका शर्मा, आदित्य श्रीवास्तव, अंजलि प्रजापति, अनुज शर्मा, महक पावा, पायल नायक, प्रियांशी भण्डारी, हर्ष अग्रवाल, कनिष्का बिष्ट, खुशी मल्होत्रा, अनमोल मिश्रा, हर्षिता तथा नेहा ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए।योगा विषय में भूमिका शर्मा, आदित्य श्रीवास्तव, अंजलि प्रजापति और अनुज शर्मा ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। गणित विषय में अक्षत सिंह ने 95 अंक, भौतिक विज्ञान में भूमिका शर्मा और कुमार वैभव ने 90 अंक प्राप्त किए। इतिहास में वर्षा रानी ने 100 में से 100 अंक, भूगोल में 98 अंक तथा अर्थशास्त्र में 99 अंक हासिल किए। वहीं एकाउंटेंसी में विधान नागपाल ने 98 अंक तथा बिजनेस स्टडीज में कोमल और अनमोल मिश्रा ने 95 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक संजीव कुमार तथा प्रबंधन समिति की सदस्या गीतांजलि ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उप प्रधानाचार्य स्मिता पाठक ने कहा कि विद्यार्थियों की अथक मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में आरएएन के मेधावियों ने लहराया परचम

## इस बार भी उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम, शोभित और संपदा ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पाया प्रथम स्थान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के









परीक्षा परिणामों में आरएएन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने हर साल की तरह इस बार भी इतिहास रचते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के मेधावियों की इस उपलब्धि से संस्थान का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन हुआ है। परीक्षा परिणामों में शोभित अग्रवाल और संपदा तिवारी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते



हुए 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और विद्यालय में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया।सफलता की इस कड़ी में प्रखर अग्रवाल 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अंशिका अग्रवाल ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान झटकने में सफलता पाई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण रहा, जहाँ कक्षा 12 की औसत अंक प्रतिशतता 82 प्रतिशत दर्ज की गई। क्षेत्र के अन्य विद्यालयों की तुलना में इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। जैसे ही परिणाम घोषित हुए, छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में अभिभावक मिठाइयों के साथ विद्यालय परिसर पहुंचे और एक दूसरे को बधाई दी।इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय, निदेशक मोहित राय, प्रशासिका निधि राय और प्रधानाचार्या मुक्ता शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने अपने संदेश में कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम शिक्षकों की अथक मेहनत, अभिभावकों के निरंतर सहयोग और विद्यार्थियों के समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये मेधावी छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# अमेनिटी पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग स्थित अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा तथा कुल 131 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह गौरवपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी। विद्यालय ने सभी संकायों के संयुक्त मेरिट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची जारी की। गुरनूर कौर ने 98.2 प्रतिशत, रिद्धि मिढ्ढा ने 97.8 प्रतिशत, काशिश सिंह ने 97.4 प्रतिशत, अंकिता सिंह ने 96.8 तथा श्रेया बजाज ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता उनके अनुशासन, निरंतर प्रयास एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि अमेनिटी पब्लिक स्कूल आगे भी शिक्षा के क्षेत्र मेंनए आयाम स्थापित करता रहेगा और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करता रहेगा।

# स्कूल टॉपर सीएमओ की सुपुत्री मान्या बनना चाहती है इंजीनियर

रुद्रपुर ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के.के. अग्रवाल की होनहार सुपुत्री आर्यमान विक्रम बिड़ला स्कूल हल्द्वानी की प्रतिभाशाली छात्रा मान्या अग्रवाल ने



अपने शानदार प्रदर्शन से 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है।तीन पानी, हल्द्वानी निवासी मान्या अग्रवाल ने विज्ञान वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हर विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। उन्होंने केमिस्ट्री में 99, फिजिक्स में 96, गणित में 95, अंग्रेजी में 98, कंप्यूटर साइंस में 98 और फिजिकल एजुकेशन में 96 अंक हासिल किए। मान्या ने कहा कि उनका सपना इंजीनियर बनना है और वह देश की तकनीकी प्रगति में योगदान देना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उनकी विशेष रुचि है तथा वह इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा प्राप्त कर नई उपलब्धियां हासिल करना चाहती हैं। मान्या के पिता सीएमओ डॉ. के. के. अग्रवाल ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को केवल अंक लाने के दबाव में नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें सकारात्मक माहौल, सही दिशा और आत्मविश्वास देना अधिक जरूरी ह ै।

# हेमंती ने लहराया परचम, सिविल सर्विसेज में जाने का है सपना

रुद्रपुर। सीमित संसाधनों और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद रविंद्र नगर में किराए के मकान में रहने वाली हेमंती चौहान ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हेमंती आदर्श कॉलोनी स्थित श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं । हेमंती चौहान, भरत चौहान और बीना चौहान की पुत्री हैं। उनके परिवार में माता-पिता के अलावा छोटा भाई हिमांशु चौहान भी है। उनके पिता सिडकुल क्षेत्र की एक निजी फैक्ट्री में कार्यरत हैं। आर्थिक चुनौतियों के बीच हेमंती ने बिना किसी निजी ट्यूशन के अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम



हासिल किया। हेमंती ने अंग्रेजी, पॉलिटिकल साइंस, भूगोल और फिजिकल एजुकेशन में 95-95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि इकोनॉमिक्स में 88 प्रतिशतअंक हासिल किए। इससे पहले हाईस्कूल परीक्षा में भी उन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। हेमंती का लक्ष्य सिविल सर्विसेज की परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासनिक सेवा में जाना है। वह अभी से इसकी तैयारी में जुटी हैं और देश सेवा का सपना संजोए हुए हैं। अपनी सफलता पर हेमंती ने कहा कि नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन से कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। हेमंती की शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# दुष्कर्म का आरोपी 4 घंटे के भीतर गिरफ्तार

पंतनगर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पंतनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नाबालिग के साथ गलत काम करने के आरोपी को महज 4 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बिंदुखत्ता (नैनीताल) निवासी एक महिला ने थाना पंतनगर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि शिव कॉलोनी निवासी ध्रुव राजपूत ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वादिनी ने बताया कि दोनों एक-दूसरे को पूर्व से जानते थे। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल धारा 65(1) बीएनएस और 3/4 पोक्सो



एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया।एसएसपी के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी और नामजद अभियुक्त ध्रुव राजपूत (19 वर्ष) पुत्र हर लाल, निवासी शिव कॉलोनी, जवाहर नगर को घटना के मात्र 4 घंटे के भीतर दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# आईएसडी और पुलिस की तत्परता से रुका बाल विवाह

किच्छा । समाजसेवी संगठन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आई एस डी), 112 पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संजय नगर महतोष में होने वाले एक बाल विवाह को रुकवा दिया। मुखबिर की सूचना पर हुई इस कार्रवाई के बाद बालिका के परिजनों से बालिग होने पर ही विवाह करने का लिखित वचन पत्र लिया गया और सभी मेहमानों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई। आईएसडी संस्था की परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि संजय नगर महतोष में एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका का विवाह हो रहा है और आज रात्रि में बारात आने वाली है। सूचना की पुष्टि के लिए संस्था की बाल विवाह रोकथाम टीम से संगीता और उवैश को मौके पर भेजा गया। टीम ने पाया कि वहां विवाह की पूरी तैयारी थी, टेंट लगे हुए थे और वैवाहिक रस्में चल रही थीं। इसके बाद तत्काल 112



और चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची टीम ने जब बालिका के आयु प्रमाण पत्र मांगे, तो परिजनों ने आधार कार्ड दिखाया जिसमें उम्र 18 वर्ष अंकित थी। हालांकि, टीम को संदेह होने पर शैक्षिक अभिलेखों की मांग की गई। कड़ी मशक्कत के बाद मिले स्कूल के दस्तावेजों में बालिका की आयु 17 वर्ष से भी कम पाई गई। उम्र की पुष्टि होते ही पुलिस और प्रशासन ने तत्काल विवाह रुकवा दिया और मौके से टेंट उतरवा दिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई मुकेश मिश्रा, महिला कांस्टेबल गायत्री कार्की, हेड कांस्टेबल अशोक कोहली, रीना कौर, दिनेश सिंह बिष्ट और पीआरडी दीपक कुमार के साथ चाइल्ड लाइन से केस वर्कर पूजा व पूनम शामिल रहे। टीम ने वहां मौजूद मेहमानों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में जागरूक किया। चाइल्ड हेल्पलाइन ने अभिभावकों को बालिका सहित बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत होने के निर्देश दिए हैं।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आर्थिक संकट का दबाव

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का फिलहाल कोई स्थायी हल नजर नहीं आने के मद्देनजर भारत में इसके प्रभाव को कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर अमल शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री की ओर से हाल में जनता से किए गए आग्रह के बाद सोने-चांदी पर आयात शुल्क छह फीसद से बढ़ाकर पंद्रह फीसद कर देने की घोषणा से की गई। इसके बाद इन कीमती धातुओं के दाम में बुधवार को भारी उछाल आया। सरकार का कहना है कि संकट के समय गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।दरअसल, भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। हालांकि, आभूषण कारोबारी सरकार के इस कदम से निराश हैं, लेकिन यह भी सच है कि समय रहते समुचित उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में जो जटिल परिस्थितियां पैदा होंगी, उनका सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर ही पड़ेगा।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, भोजन पकाने के तेल के इस्तेमाल में कमी लाने और सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपाय अपनाने का आह्वान किया था। संदेश स्पष्ट था कि देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसे कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर बढ़ना होगा।इसमें दोराय नहीं है कि किसी भी बड़े संकट से निपटने के लिए आम नागरिकों की भी अहम भूमिका होती है। सोने-चांदी की खरीद नागरिकों की मूलभूत जरूरतों से परे है और इसे कुछ समय के लिए सीमित कर देने से अगर विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कुछ कम हो जाए, तो यह एक सार्थक पहल साबित हो सकती है। सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। जमीनी और तटीय घुसपैठ मार्गों, संगठित तंत्र और वितरण केंद्रों के रूप में काम करने वाले कारोबारियों पर नियमित नजर रखनी होगी। इससे संकट के समय गैर-जरूरी आयात में संतुलित कमी के जरिए समग्र आर्थिक स्थिरता और बाह्य क्षेत्र के विवेकपूर्ण प्रबंधन में महत्त्वपूर्ण मदद मिल सकती है। इसके अलावा भारत के विदेशी मुद्रा संसाधनों के तहत तेल, उर्वरक, औद्योगिक कच्चे माल और रक्षा जरूरतों जैसे आवश्यक आयात को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोगों से ईंधन के गैर-जरूरी इस्तेमाल को कम करने का आग्रह भी किया था और बुधवार को उन्होंने खुद अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम कर दी। इसके बाद कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इसी तरह का कदम उठाया है। मगर इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है कि सरकारी स्तर पर यह मुहिम सिर्फ घोषणाओं तक सीमित न रहे। जनता भी तभी इन उपायों को व्यापक रूप से आत्मसात करेगी, जब जनप्रतिनिधि भी इसका हिस्सा बनेंगे।

# देश की उन्नति में अनुसंधान का योगदान महत्वपूर्णः डॉ. कश्यप

पंतनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) में कौशल विकास के अंतर्गत आयोजित एक माह के प्रशिक्षण का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसके कश्यप ने युवाओं को अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान एक गेम चेंजर है जिसमें अद्भुत सामर्थ्य छिपा है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान के क्षेत्र में सदैव नवीन कार्यों की गुंजाइश बनी रहती है। इस अवसर पर उन्होंने मृदारहित खेती से संबंधित आधुनिक कृषि इकाई का उद्घाटन किया और श्एक पेड़ माँ के नामश मिशन के तहत परिसर में वृक्षारोपण भी किया। डॉ. एसके कश्यप ने अपने संबोधन में देश की खाद्यान्न समस्या का उदाहरण देते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के संकल्पों को याद किया और बताया कि कैसे शोध के बल पर भारत कृषि प्रधान देश के रूप में स्थापित हुआ। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को सीखने की प्रक्रिया जारी रखने, निरंतर अन्वेषण करने और सवाल पूछने का स्वभाव विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम



की शुरुआत डॉ. एसके कश्यप के साथ उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के कुलपति डॉ. नवीन लोहनी, डालचंद और बायोटेक के निदेशक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने पंत विश्वविद्यालय और जैवप्रौद्योगिकी परिषद के प्रगाढ़ संबंधों की चर्चा करते हुए समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डालचंद ने बताया कि कोई भी अनुसंधान केवल किताबों तक सीमित न रहकर धरातल पर किसानों और मानव कल्याण तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने मृदा रहित खेती की तकनीक की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोग अपने घरों की छतों पर भी खेती करने में सक्षम हो रहे हैं। डॉ. नवीन चन्द्र लोहनी ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में जैवप्रौद्योगिकी की भूमिका को चिकित्सा और खाद्यान्न सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। मंचासीन अतिथि कर्नल अजीत मेहरा ने भी युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा और संचालन वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुमित पुरोहित ने दिया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, अधिष्ठात्री डॉ. अल्का गोयल, डॉ. सुभाष चन्द्रा, डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. आरएस जादौन, डॉ. जेपी जयसवाल, डॉ. एचजे शिवाप्रसाद, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. डी. कुमार, डॉ. शिव प्रसाद मौर्या, डॉ. एससी त्रिपाठी, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. श्वेता राय, डॉ. कुलदीप वर्मा, डॉ. अमन कम्बोज और डॉ. रविन्द्र कुमार सहित कई प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# कोलम्बस स्कूल का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, सृष्टि पाल ने किया टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कोलम्बस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई इंटरमीडिएट कला वर्ग की मेधावी छात्रा सृष्टि पाल ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया।परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि अपने वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विषयवार प्रदर्शन की बात करें तो विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में असाधारण अंक प्राप्त किए। उत्कर्ष क्षमता का परिचय दिया। कुल मिलाकर विद्यालय के छात्रों ने 186 विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया है। विद्यार्थियों की इस गौरवशाली सफलता पर



परीक्षा में एक बार फिर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिसमें कला वर्ग की छात्रा सृष्टि पाल ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कला वर्ग की ही छात्रा अतुल्या यादव ने 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और विज्ञान वर्ग के छात्र अनस अहमद ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। वाणिज्य वर्ग में जगजीवन सिंह गिल ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रताप सिंह ने कंप्यूटर साइंस में 99, जगजीवन सिंह गिल ने अर्थशास्त्र में 98, श्वेता सिंह ने साइकोलॉजी में 98, प्रभपुनीत सिंह ढिल्लन ने अंग्रेजी में 96 और अनस अहमद ने गणित में 96 अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार हिंदी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, बिजनेस स्टडीज और फिजिकल एजुकेशन जैसे विषयों में भी छात्र-छात्राओं ने 95-96 अंकों के साथ अपनी बौद्धिक विद्यालय के चेयरमैन केसर दास ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को अपना शुभाशीष प्रदान किया। प्रबंध निदेशक मनोज खेड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल परिसर में इस उपलब्धि पर उत्सव जैसा माहौल रहा।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल में प्रिया ने किया टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। माउंट लिट्रा जी स्कूल, रूद्रपुर के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अपनी मेधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वहीं, छात्र हर्षित कुमार ने 90.4% और प्रीति कुमारी ने 88.6% अंकों के साथ विद्यालय के श्रेष्ठ मेधावियों की सूची में अपना स्थान बनाया। विशेष उपलब्धि सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप नैथानी ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने



विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय एवं गौरवपूर्ण रहा है, जिसमें कई छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परीक्षा परिणामों के अनुसार, विद्यालय की छात्रा प्रिया कुमारी ने 92.8% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। के तौर पर विद्यालय के छात्र अंशुल ने पेंटिंग विषय में 100% अंक प्राप्त कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। इसके साथ ही हर्षित गौतम ने कंप्यूटर साइंस जैसे कठिन विषय में 99% अंक हासिल कर अपनी तकनीकी दक्षता साबित की। मेधावियों की इस सफलता पर स्कूल परिसर में जश्न का माहौल है। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, कड़ा अनुशासन, अटूट समर्पण और आत्मविश्वास ही जीवन में सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन की भी मुक्तकंठ से सराहना की।

# गोशन स्कूल में दिलजोत ने किया टॉप

नानकमत्ता। सीबीएसई कक्षा-12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में गोशन स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र दिलजोत ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।विद्यालय प्रबंधक डॉ. सुरेश चंद्र जोशी ने बताया कि किसमन कौर ने 92.20 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा फतेहजीत कौर बोपाराए ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सक्षम अरोरा ने 89 प्रतिशत, विक्रम सिंह ने 87.20 प्रतिशत, हर्षित जोशी ने 87 प्रतिशत, सहजप्रीत कौर खिंडा ने 86.40 प्रतिशत, तनिषदीप कौर ने 86.20 प्रतिशत, पूजा कौर ने 85.40 प्रतिशत, काजल बंगला ने 83.40 प्रतिशत, आस्था गोयल ने 83 प्रतिशत, योगेश सामंत ने 81.20 प्रतिशत, राजीव कुमार ने 80.60 प्रतिशत तथा तरनदीप सिंह ने 80.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य प्रकाश कांडपाल, अध्यक्षा सरोज जोशी, हेम कांडपाल, नीरज जोशी, दमनप्रीत कौर, शिवदत्त जोशी, सुनील पुजारी, सुखविंदर सिंह, दीपक सक्सेना, नवीन शर्मा, शिवराज सिंह, चारु जोशी, पंकज सिंह बिष्ट ने सफल छात्र छात्रों को बधाई दी है।



# जीआरडी स्कूल में पारसदीप ने किया टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल, धौलपुर (ऊधम सिंह नगर) के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अपनी प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, काशवी मक्कर ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर कब्जा जमाया। विद्यालय की मेधावी खुशमनदीप कौर, काव्या रोज, आयुषी, कनिष्का, प्रोहेलिका, खघ्शी कार्की, सृष्टि, शैली, कंगना सिंह, गुरजोत सिंह और अभिलाषा सहित अन्य सभी



विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का परिचय दिया। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन स. गुरनाम सिंह चावला, वाइस चेयरमैन स. सतनाम सिंह चावला, डायरेक्टर स. मनविंदर सिंह चावला, प्रधानाचार्य हिमांशु जोशी

प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में खुशी की लहर है। परीक्षा परिणामों में पारसदीप सिंह ने 96.6 प्रतिशत अंक छात्राओं शुभनीत कौर, आरती अधिकारी और प्रिया ढिंगरा ने 90.8 प्रतिशत के समान अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन शीर्ष स्थान प्राप्तकर्ताओं के अलावा रीत कौर, रस्तोगी और उप-प्रधानाचार्या रश्मि शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए अभिभावकों को बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# न्यू लाइट स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

नानकमत्ता। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा-12 वार्षिक परीक्षा में न्यू लाइट स्कूल, नानकमत्ता का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय की छात्रा सानिया नूरी ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। हर्षदीप कौर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अनमोलदीप कौर ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक मलूक सिंह खिंडा एवं प्रधानाचार्या डॉ. बलजीत कौर ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम संभव हो सका है।



# लाखों की चरस ले जाता तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मिशन ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 04 लाख रुपये कीमत की 02 किलो 14 ग्राम अवैध चरस के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी मनोज कत्याल ने बताया कि मुख्यमंत्री के "मिशन ड्रग फ्री देवभूमि"' को साकार करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजूनाथ टीसी द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने एवं तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम मे विमल कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम के नेतृत्व में थाना काठगोदाम पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम द्वारा दमुवाढूंगा क्षेत्र में जगन्नाथ कॉलोनी स्थित विजन फ्यूचर कोचिंग के बगल वाली गली में चेकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से घूमते एक युवक को पकड़कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता इन्द्रजीत सिंह पुत्र स्व. नारायण दास निवासी वार्ड नं0 13 हरिपुर कर्नल वार्ड, आवास विकास टेड़ी पुलिया काठगोदाम स्थायी निवासी ग्राम व पोस्ट सिमलिया तहसील मिलक जिला रामपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 02 किलो 14 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। उन्होंने बताया कि बरामद चरस की अनुमानित कीमत लगभग 04 लाख रुपये है। बरामद चरस कब्जे में लेकर पुलिस ने इंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पूछताछ



में इंद्रजीत सिंह द्वारा बताया गया कि वह गमले बेचने का कार्य करता है तथा अन्य स्थानों पर खेती-बाड़ी का कार्य मिलने पर मजदूरी एवं खेती संबंधी कार्य भी करता है। पूछताछ में यह भी प्रकाश में आया कि बरामद चरस उसको उसके परिचित व्यक्ति द्वारा बिक्री हेतु दी गई थी, जिसके संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। एसपी ने बताया कि नशा तस्कर इंद्रजीत सिंह के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कुमकुम धानिक, थाना काठगोदाम, कानि. टीका राम, अशोक रावत (एसओजी) व भानु प्रताप (एसओजी) शामिल थे।

# चार लाख की स्मैक के साथ तस्कर को दबोचा

रूद्रपुर/नानकमत्ता (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के विरुद्ध चलाए जा रहे कड़े प्रहार अभियान के तहत नानकमत्ता पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने 14.89 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग चार लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी



के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशानुसार जिले में अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए गुरवचन सिंह निवासी सुनखरीकाला को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से पारदर्शी पन्नी में रखी 14.89 ग्राम शुद्ध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया और कोतवाली नानकमत्ता में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया।पूछताछ में पता चला कि 56 वर्षीय गुरवचन सिंह पुत्र जयमल सिंह काफी समय से इस अवैध धंधे में संलिप्त था। पुलिस अब अभियुक्त के पुराने आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुँचा जा सके। विवेचक द्वारा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। एसएसपी ने पुलिस टीम की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए नशे के खिलाफ अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए हैं।सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के साथ उपनिरीक्षक मनोज जोशी, उपनिरीक्षक संजय कुमार, कांस्टेबल नवीन जोशी और महिला कांस्टेबल अमिना बानो शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने जनता से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कहीं भी नशे का अवैध कारोबार हो रहा हो, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि युवा पीढ़ी को इस दलदल से बचाया जा सके।

# पुणे में ट्रेनिंग के दौरान अग्निवीर रमनदीप की मौत से शोक की लहर

शक्तिफार्म। देश सेवा का सपना लेकर सेना में अग्निवीर बने शक्तिफार्म क्षेत्र के ग्राम पिपलिया निवासी युवक रमनदीप सिंह की महाराष्ट्र के पुणे में ट्रेनिंग के दौरान बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक और सन्नाटा पसर गया। हर आंख नम है और हर जुबान पर सिर्फ एक ही सवाल है आखिर इतनी कम उम्र में यह होनहार बेटा कैसे चला गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपलिया निवासी रमनदीप सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह का करीब छह माह पूर्व भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयन हुआ था। चयन के बाद



उसे महाराष्ट्र के पुणे में ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था। बताया जा रहा है कि उसकी ट्रेनिंग पूरी होने में अभी करीब दो सप्ताह का समय बाकी था और परिवार उसके घर लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। बसगर ग्राम सभा के प्रधान पति महेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को परिवार को रमनदीप के अचानक तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पिता जोगेंद्र सिंह तुरंत पुणे के लिए रवाना हो गए, लेकिन इसी बीच बुधवार को बेटे की मौत की दुखद खबर घर पहुंच गई। खबर मिलते ही मां समेत पूरे परिवार की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो उठा। बताया गया कि रमनदीप तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई पवनदीप सिंह खेती-बाड़ी करता है, जबकि मझला भाई अमनदीप सिंह भी करीब छह माह पूर्व अग्निवीर में भर्ती हुआ था। एक ही परिवार के दो बेटों के सेना में चयन से घर में खुशी और गर्व का माहौल था, लेकिन रमनदीप की असमय मौत ने परिवार की खुशियां पलभर में छीन लीं। ग्रामीणों के अनुसार रमनदीप बेहद मिलनसार, मेहनती और अनुशासित स्वभाव का युवक था। गांव के युवाओं के लिए वह प्रेरणा बन चुका था। उसकी मौत की खबर फैलते ही क्षेत्रभर के लोग परिवार को सांत्वना देने घर पहुंचने लगे। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। स्वजन के अनुसार रमनदीप का पार्थिव शरीर गुरुवार शाम तक गांव पहुंचने की संभावना है। गांव में अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। जवान बेटे की शहादत जैसी इस दुखद मौत ने पूरे शक्तिफार्म क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

# गुरुद्वारा साहिब पहुंचे बेहड़ पीपल साहिब के किए दर्शन

नानकमत्ता। प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने नानकमत्ता पहुंचकर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका तथा पीपल साहिब के दर्शन कर प्रदेश एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं संगत द्वारा विधायक बेहड़ का स्वागत किया गया। इस दौरान कमेटी की ओर से उन्हें सरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया। विधायक बेहड़ ने



गुरुद्वारा परिसर में कुछ समय बिताकर धार्मिक स्थलों के दर्शन किए और गुरु घर में अरदास कर समाज में भाईचारा, शांति एवं सुख-समृद्धि की कामना की।उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा नानकमत्ता की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता पूरे देश में प्रसिद्ध है तथा यहां आकर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने संगत से मिलकर क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक एवं जनसमस्याओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अशोक राणा, सुमित्तर भुल्लर, हरिओम राणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रामनगर-देहरादून एक्सप्रेस संचालन को मिली हरी झंडी

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर और देहरादून के बीच सीधी रेल सेवा का लंबा इंतजार अब समाप्त हो गया है। रेलवे बोर्ड ने बहुप्रतीक्षित रामनगर देहरादून एक्सप्रेस के संचालन को हरी झंडी देते हुए इसकी समय सारिणी जारी कर दी है। इस नई ट्रेन सेवा के शुरू होने से न केवल कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के बीच की दूरी कम होगी, बल्कि पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, गाड़ी संख्या 15310/15309 रामनगरख्रदेहरादून एक्सप्रेस का संचालन सप्ताह में दो दिन किया जाएगा। निर्धारित समय सारिणी के मुताबिक, यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को सुबह 5:50 बजे रामनगर से प्रस्थान करेगी और दोपहर 12:40 बजे देहरादून पहुंचेगी। वापसी में यही ट्रेन शुक्रवार और रविवार को ही दोपहर 3:55 बजे देहरादून से रवाना होकर रात 11:30 बजे रामनगर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान यह ट्रेन काशीपुर, रोशनपुर, पिपलसाना, मुरादाबाद, नजीबाबाद और हरिद्वार जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी। गौरतलब है कि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने हाल ही में रेल मंत्री से भेंट कर इस रूट पर सीधी ट्रेन चलाने की मांग प्रमुखता से उठाई थी, जिसे मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। इसके अतिरिक्त, रेलवे बोर्ड ने देहरादूनख्रकाठगोदाम एक्सप्रेस (12091/12092) के संचालन दिनों में भी संशोधन किया है। अब यह ट्रेन सप्ताह में पांच दिनख्र सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। इस नई व्यवस्था और नई ट्रेन के संचालन से यात्रियों, विशेषकर पर्यटकों और व्यापारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। रेल प्रशासन के अनुसार, अग्रिम आरक्षण की अवधि के साथ ही इस सेवा का नियमित संचालन जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

# ब्रह्म ज्ञानी बाबा बुड्ढा जी की याद में धार्मिक क्षेत्र के सेवादार सम्मानित

गदरपुर । निर्मल तख्त बाबा बुड्ढा जी श्री रमदास श्री अमृतसर के प्रमुख बाबा भगवंत भजन सिंह के नेतृत्व में ग्राम श्रीनगर में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत भव्य ध ार्मिक दीवान सजाए गए जिसमें बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा संगत को मूल मंत्र,गुरु मंत्र एवं गुरबाणी का जाप करवाया गया। उन्होंने कहा, गुरु नानक देव जी के आदर्शों पर आस्था रखते हुए बाबा बुड्ढा जी ने 12 वर्ष की उम्र में ब्रह्म ज्ञानी की अवस्था




प्राप्त करके लगातार 113 वर्ष तक गुरु घर की निष्काम सेवा की । कार्यक्रम में भाई वीर सिंह नामधारी द्वारा गुरु नानक देव जी के बगदाद के पीर दस्तगीर से वार्तालाप एवं बाबा बुड्ढा जी का इतिहास,ज्ञानी हरप्रीत सिंह द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब एवं ब्रह्म ज्ञानी बाबा बुड्ढा जी के आदर्शों का वर्णन, देवेंद्र सिंह द्वारा जपु जी साहिब की वाणी एवं पर्यावरण संरक्षण तथा शरीर को स्वस्थ रखने के नियमों का वर्णन किया गया । सर्वत्र सुख शांति की अरदास के उपरांत बाबा भगवत भजन सिंह द्वारा समाजसेवी सुखविंदर सिंह चीमा के सहयोग से भाई वीर सिंह, हरप्रीत सिंह,रतन सिंह, तरनजीत सिंह, किशन सिंह ,जयदीप सिंह, पवन सिंह,देवेंद्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया ।

# कोतवाली परिसर में निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन

काशीपुर। लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर द्वारा पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कोतवाली परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह, सी ओ प्रशांत कुमार, प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी, एसएसआई नवीन कुमार बुधानी तथा क्लब पदाधिकारियों ने फीता काटकर किया। शिविर में पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा फिजिशियन परामर्श, आंखों की जांच, बीएमडी टेस्ट, ईएनटी एंडोस्कोपी, ब्लड प्रेशर व शुगर जांच, ईसीजी तथा एलएफटी और केएफटी जैसी महत्वपूर्ण जांचें की गईं। पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया और चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी लिया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से पुलिस अधिकारियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर अध्यक्ष गौतम मेहरोत्रा, मनीष गुप्ता, मयंक गुप्ता, रुपेश अग्रवाल, मनीष बिंदल, मोहित बोहरा, संजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पंकज बिंदल, हरप्रीत सिंह सेठी, रमनदीप सिंह, धीरज अग्रवाल, मनीष गुप्ता, ट्रेजदार विपिन तोमर एवं अन्य क्लब के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# नीट परीक्षा निरस्त होना युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : तिवारी

अल्मोड़ा।नीट परीक्षा निरस्त होने पर विधायक मनोज तिवारी ने केंद्र सरकार और परीक्षा संचालन व्यवस्था पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश के लाखों



विद्यार्थियों की मेहनत, सपनों और भविष्य के साथ जिस तरह लगातार खिलवाड़ हो रहा है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक तिवारी ने प्रेस को दिए एक बयान में कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का निरस्त होना केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास पर गहरी चोट है। कहा कि देशभर के छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन परिश्रम कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, कोचिंग और किताबों के लिए कर्ज तक लेते हैं, लेकिन सरकार की लापरवाही और अव्यवस्थित परीक्षा प्रणाली के कारण विद्यार्थियों को मानसिक तनाव, असुरक्षा और निराशा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार पेपर लीक, परीक्षा गड़बड़ी और परीक्षा निरस्त होने की घटनाएं यह साबित करती हैं कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

# हादसे में मृतक के भाई ने कराई रिपोर्ट दर्ज

नानकमत्ता। नानकमत्ता बायपास हाईवे पर हुए सड़क हादसे में चम्पावत निवासी युवक की मौत के मामले में मृतक के भाई ने फार्च्यूनर चालक के खिलाफ कोतवाली नानकमत्ता में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। चम्पावत जनपद के ग्राम माजगाँव मादली निवासी हिमांशु पाण्डेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भाई संजय कुमार पाण्डेय 12 मई को हल्द्वानी से नया त्मदंनसज ज्ञपहमत वाहन खरीदकर अपने साथी चन्द्र प्रकाश जोशी के साथ घर लौट रहा था। आरोप है कि रात करीब 10 से 10:30 बजे के बीच नानकमत्ता बायपास हाईवे पर खटीमा की ओर से आ रही वाहन संख्या UK06 AE 5310 फार्च्यूनर के चालक ने तेज गति और लापरवाही से गलत दिशा में वाहन चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में संजय कुमार पाण्डेय और चन्द्र प्रकाश जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज ले जाया गया, जहां से संजय कुमार पाण्डेय की हालत गंभीर होने पर उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बसपा नेता मो. अशरफ को पितृ शोक

काशीपुर। बसपा नेता मुहम्मद अशरफ सिद्दीकी एडवोकेट के पिता 73 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता हनीफ सिद्दीकी का बुधवार की रात बीमारी के चलते निधन हो गया। वह काफी लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निध न की सूचना पर तमाम राजनीतिक व सामाजिक लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। गुरूवार की दोपहर जोहर की नमाज के बाद स्थानीय कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द खाक किया गया। बतादें कि अपने मध ुर व्यवहार के चलते स्व. हनीफ सिद्दीकी की अधिवक्ताओं में एक अलग पहचान थी। उनके निधन पर अधिवक्ताओं ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# स्क्रेप गोदाम में आग से करोड़ों का नुकसान

## दस अग्निशमन वाहनों ने घंटों बाद पाया काबू, भीषण आग के चलते आस पास के भवनों को कराया खाली





रूद्रपुर । गुरूवार प्रात: अशोक लेलेंड कम्पनी के समीप ग्राम जयनगर छतरपुर मार्ग पर अज्ञात कारणों से एक स्क्रेप गोदाम में लगी आग से गोदाम में रखा करोड़ों रूपयों का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भयानव थही कि उससे निकल रहे काले धुंए से आसपास के क्षेत्र में अंधेरा सा हो गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टिगत आसपास के भवनों को खाली करवा दिया गया। घटना की सूचना पर दमकल विभाग व विभिन्न कम्पनियों के अग्निशमन वाहनों ने मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटनास्थल का अग्निशमन अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार ओमेक्स कालोनी निवासी कमल अरोरा इण्डस्ट्रीयल स्क्रेप का कारोबार करते हैं। उन्होंने ग्राम जयनगर छतरपुर मार्ग पर सुप्रीम इंटरप्राईजेज के नाम से इण्डस्ट्रीयल स्क्रेप का गोदाम बनाया हुआ है। जहां करोड़ों कीमत का विभिन्न तरह का स्क्रेप सामान रखा रहता है। उन्होंने बताया कि आज प्रात: करीब साड़े आठ बजे उन्हें कर्मचारियों ने बताया कि गोदाम से धुंआ निकल रहा है। जानकारी मिलते ही वह तत्काल गोदाम पहुंचे जहां उन्होंने देखा कि गोदाम से आग की तेज लपटें निकल रहीं है और आकाश काले धुंए से भरा हुआ है। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे। उन्होंने घटना की सूचना तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना देने के कुछ देर में ही दमकल के कई वाहन वहां आ पहुंचे और उन्होंने आग बुझाने का काम शुरू किया। परंतु आग की विकरालता को देखते हुए और वाहन बुलाने पड़े। उन्होंने बताया कि दमकल के लगभग दस वाहनों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर बाबू पाया। कमल अरोरा ने बताया कि अग्निकांड की इस घटना में उन्हें एक करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान होने की सम्भावना है। गोदाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक सामान, लोहा, ड्रम, गत्ता सहित अन्य कई इण्डस्ट्रीयल स्क्रेप रखा हुआ था। उन्होंने बताया कि इस घटना में गोदाम में बना उनका कार्यालय भी पूरी तरह से आग की चपेट में आकर राख हो गया है। जिसमें सभी आवश्यक कागजात, एसी, कम्प्यूटर, फर्नीचर, सीसीटीवी आदि सामान जल गया है। साथ ही गोदाम में रखीं दो मोटरसाईकिलें भी आग की भेंट चढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सम्भतया आग शार्ट सर्किट के कारण लग सकती है। आग से गोदाम का भवन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि यदि समय पर आग पर काबू न पाया जाता तो आसपास स्थित अन्य फैक्ट्रियों व आवासीय भवनों को खतरा उत्पन्न हो सकता था। सूचना पर समाजसेवी सुशील गावा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत तमाम लोगो ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से युवाओं का बढ़ा विश्वास: धामी



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग में चयनित नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों, फार्मासिस्टों एवं प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान कुल 243 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद युवाओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक से अधि क अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में युवाओं की प्रतिभा, योग्यता और क्षमता का सम्मान करते हुए भर्ती प्रक्रियाओं को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है, जिससे युवाओं का सरकार और व्यवस्था पर विश्वास मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अब तक 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता और पारदर्शी कार्यशैली का परिणाम है कि योग्य युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लागू नकल विरोधी कानून के बाद भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वासपूर्ण तरीके से संपन्न हो रही हैं। सरकार की मंशा है कि मेहनत और प्रतिभा के आधार पर ही युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और नकल पर सख्ती से रोक लगाने के लिए सरकार ने कठोर कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चिकित्सा विभाग में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी चयनित युवा पूरी निष्ठा, सेवा भावना और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने में योगदान देंगे।

## हलाला मामले में देश में पहला केस दर्ज

हरिद्वार। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के तहत हलाला का पहला मामला हरिद्वार पुलिस ने गहनता से छानबीन के बाद दर्ज किया गया है। हरिद्वार जिले के बुग्गावाला थाने में पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति और ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता शाहिन ने अपने पति मोहम्मद दानिश और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं. पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, दानिश पर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने और विवाह से संबंधित अधिकारों के उल्लंघन का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति दानिश के खिलाफ समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड 2024 (संशोधन 2026) की धारा 32(1)(पप) और 32(1)(पपप) के तहत कार्रवाई की है, जो विशेष रूप से हलाला जैसी प्रथाओं को प्रतिबंधित और दंडनीय बनाती हैं। पुलिस ने इस मामले में केवल यूसीसी ही नहीं, बल्कि अन्य कड़े कानूनों के तहत भी शिकंजा कसा है। एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि बुग्गावाला पुलिस ने इस मामले में गहनता से जांच की और उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने आरोप पत्र तैयार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय रुड़की के कोर्ट में पेश किया है।

## किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर। एक 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। नाबालिग की मां ने एक युवक पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की है। कटोराताल चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री 10 मई की सुबह लगभग 5 बजे लापता हो गई। कहा कि उसकी पुत्री को अल्लेपुर टाण्डा बादली जिला रामपुर इकराम पुत्र बलिऐद बहला फुसलाकर ले गया है और इकराम जल्दीबाजी में अपना मोबाइल उसके घर भूल गया। कहा कि उसकी पुत्री अपने साथ घर में रखे हुए 10 हजार रूपये, मोबाईल, चांदी की पाजेब और आधार कार्ड अपने साथ ले गई है। महिला ने उसकी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## नीट पेपर लीक के विरोध में केन्द्र सरकार का पुतला फूंका



रूद्रपुर। नीट यूजी परीक्षा में सामने आई कथित गड़बड़ियों, पेपर लीक और अव्यवस्थाओं को लेकर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की और परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा देश के 551 शहरों तथा विदेशों के 14 शहरों में आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा में भारी लापरवाही, अकर्मण्यता और अव्यवस्थाएं देखने को मिली हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा में व्यापक अनियमितताओं के कारण देश की शिक्षा व्यवस्था की साख प्रभावित हो रही है और छात्रों का भविष्य संकट में पड़ता जा रहा है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भी पेपर लीक की घटनाओं के बाद परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के बड़े बड़े दावे किए गए थे, लेकिन दो वर्ष के भीतर ही फिर से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के पेपर लीक प्रकरण के बाद गठित उच्च स्तरीय समिति ने परीक्षाओं को कंप्यूटर आधारित कराने की सिफारिश की थी। एनटीए द्वारा इस दिशा में व्यवस्था विकसित करने की बात कही गई थी, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और समन्वय की कमी के चलते यह योजना प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सकी। पुतला फूंकने वालों में जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हालदार, गोपाल भसीन, रामस्वरूप भारती, संजय ठुकराल, विक्रम सिंह विर्क, इंद्रजीत सिंह पार्षद, बाबू खान पार्षद, अशफाक अंसारी पार्षद, भूपेश सोनी, सतनाम सिंह, विक्रम सिंह आदि थे।

# बेलगाम कप्तान या सत्ता का नया 'सुपर अफसर' ?

## पी एच क्यू के आदेशों को ठेंगा, तबादलों पर टकराव और 'पीले रंग' की रहस्यमयी चर्चा ने बढ़ाई हलचल !

देहरादून । देवभूमि उत्तराखंड की सत्ता और पुलिस महकमे के गलियारों में इन दिनों एक ऐसे आईपीएस अफसर की चर्चा जोरों पर है, जिसने कथित तौर पर अपने आपको व्यवस्था से भी ऊपर समझना शुरू कर दिया है। चर्चा है कि सूबे के एक जिले में तैनात यह कप्तान अब सिर्फ जिले का मुखिया नहीं, बल्कि अपने आपको पूरे सिस्टम का 'सुपर पावर सेंटर' मान बैठा है ? हालात ऐसे बताए जा रहे हैं कि पी एच क्यू से जारी आदेशों को भी साहब खुलेआम चुनौती देते दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों की मानें तो मामला तब और गर्मा गया जब पी एच क्यू द्वारा जिले में किए गए कुछ तबादलों को लागू करने से कप्तान साहब ने साफ इंकार कर दिया इतना ही नहीं, इन तबादलों को रोकने के लिए बाकायदा एक पत्र भी मुख्यालय को भेजा गया ? बताया जा रहा है कि मुख्यालय ने उस पत्र को अधिक महत्व नहीं दिया और अपने आदेश बरकरार रखे, लेकिन इसके बावजूद चहेते कर्मचारियों को रिलीव न करने की चर्चा अब पुलिस महकमे के भीतर बड़ी बहस का विषय बन चुकी है। पुलिस महकमे में अंदरखाने सबसे बड़ा सवाल यही गूंज रहा है कि अगर एक जिले का कप्तान पी एच क्यू के आदेशों को ही ठुकराने लगे, तो फिर सिस्टम में अनुशासन और आदेशों की अहमियत क्या रह जाएगी ? जिन अधिकारियों को अब तक पूरा महकमा सबसे ताकतवर मानता आया, उन्हीं के आदेशों को चुनौती मिलने के बाद अब चर्चाओं का बाजार और भी गर्म हो चुका है। बताया तो यहाँ तक जा रहा है कि साहब का विवादों से रिश्ता कोई नया नहीं है। इससे पहले भी कई बार उनके कार्यशैली को लेकर सवाल उठते रहे हैं। कई जनप्रतिनिधि और राजनीतिक चेहरे भी अलग-अलग मंचों पर इस अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं। आरोप ये भी लगते रहे कि कप्तान साहब की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता कम और "अपनों" के लिए विशेष नरमी ज्यादा दिखाई देती है। अब सबसे बड़ी नजर राजधानी में बैठे आला अधिकारियों और सरकार पर टिकी हुई है। सवाल यह है कि क्या मुख्यालय अपने आदेशों की साख बचाने के लिए कोई बड़ा कदम उठाएगा या फिर यह मामला भी चर्चाओं और फाइलों तक सीमित रह जाएगा ? अगर एक कप्तान अपने प्रभाव और रसूख के दम पर मुख्यालय के आदेशों को रोकने में सफल होता है, तो आने वाले समय में यह पूरी व्यवस्था के लिए बेहद खतरनाक संकेत माना जाएगा। फिलहाल देवभूमि की फिजाओं में एक ही चर्चा तैर रही है क्या सिस्टम सच में बेबस हो चुका है, या फिर अभी कोई बड़ा फैसला बाकी है?




### चुनाव सिर पर, सरकार के लिए बन सकता है बड़ा सिरदर्द !

देहरादून। विधानसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे समय में किसी भी अफसर की मनमानी सरकार की छवि पर सीधा असर डाल सकती है। चर्चा तेज है कि अगर समय रहते इस 'बेलगाम कप्तान' पर नियंत्रण नहीं लगाया गया तो विपक्ष इसे मुद्दा बनाकर सरकार को घेर सकता है। लोगों के बीच यह संदेश जाना भी सरकार के लिए नुकसानदायक माना जा रहा है कि एक अफसर इतना ताकतवर हो चुका है कि वह मुख्यालय तक को आंखें दिखा रहा है और कोई कार्रवाई होती दिखाई नहीं दे रही। यही वजह है कि अब सवाल सिर्फ एक जिले या एक तबादले का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की साख का बनता जा रहा है।

### 'पीले रंग' की चर्चा ने बढ़ाई रहस्य की परतें !

देहरादून। सूबे के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में एक और चर्चा बेहद तेजी से तैर रही है। कहा जा रहा है कि साहब को 'पीला रंग' कुछ ज्यादा ही प्रिय है। चर्चा तो यहाँ तक है कि अगर कोई खास व्यक्ति साहब तक ' पीले रंग' से जुड़ी खास भेंट पहुंचा दे तो साहब की खुशी देखते ही बनती है। बताने वाले तो यहाँ तक दावा करते हैं कि इस 'पीले रंग' की चमक सिर्फ चेहरे पर नहीं, बल्कि कई फैसलों पर भी असर डालती दिखाई देती है। हालांकि इन चर्चाओं की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन जिस तरह से ये बातें सत्ता के गलियारों से लेकर आम चर्चाओं तक पहुंच रही हैं, उसने कई सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।